विचारार्थ विषय

परियोजना एसोसिएट (यूआईपी) / एक पद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्वः

- एडी सिरिंज और कोल्ड चेन संभार-तंत्र सहित सामान्य टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित वैक्सीन और संभार-तंत्र आपूर्तियों की निगरानी में उपायुक्त प्रभारी कार्यक्रम प्रभाग की सहायता करना।
- राज्यों और राष्ट्रीय भंडारों में वैक्सीनों और संभार-तंत्र की आपूर्ति की योजना बनाना, समन्वय और निगरानी करना।
- टीकाकरण कार्यक्रम के लिए वैक्सीन अनुमान सहित कार्यक्रम प्रभाग की सहायता करना।
- अनुपूरक टीकाकरण और सामान्य टीकाकरण कार्यकलापों से संबंधित प्रशासनिक वित्तीय, आपूर्ति श्रृंखला और संभार-तंत्र प्रबंधन उपलब्ध कराना।
- ग्लोबल पोलियो उन्मूलन कार्यनीति के कार्यान्वयन में सहायता करना तथा विभिन्न हितधारकों के साथ इसकी प्रगति की निगरानी करना।
- मूल टीकाकरण आंकड़ों और सूचना का विश्लेषण करना तथा आवश्यकता के अनुसार एएफपी निगरानी, ओपीवी और आईपीवी निष्पादन से संबंधित वांछित रिपोर्टें तैयार करना।
- बैठक/कार्यक्रम/सम्मेलन के लिए भागीदार एजेंसियों तथा अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- वरिष्ठ अधिकारियों के लिए संसद सत्रों, रिपोर्टों और टिप्पणियों / सार हेतु तकनीकी प्रस्तुतियों, संसद सत्रों संबंधी आंकड़ों के अनुसार बैठकों की तैयारी में सहायता करना।
- संबंधित अधिकारी के लिए यात्रा और सामान्य संभार-तंत्र प्रबंधन का समन्वय करना।
- कार्यक्रम प्रबंधन के संबंध में राज्यों का दौरा करना।
- रिक्तियों पर सूचना के एकत्रीकरण, संकलन और विश्लेषण के लिए प्रयोक्ता अनुकूल साधन विकसित करना।
- टीओआर से संबंधित बैठकों के कार्यवृत्त का प्रलेखन करने में सहायता करना तथा बैठकों के दौरान सहमत कार्य बिंदुओं पर नियमित अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- सुपरवाइजर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य/कार्यकलाप करना। उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करना।

पात्रता

- प्रचालन / आपूर्ति श्रृंखला में स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा

- राष्ट्रीय स्तर पर विशेषकर वैक्सीन और संबंधित लोजिस्टिक आपूर्ति श्रृंखला में योजना और समन्वय में न्यूनतम 5-8 वर्ष का अनुभव।
- राष्ट्रीय स्तर पर पोलियो कार्यक्रम में कम से कम 4 वर्ष का व्यापक अनुभव। बैठक और अन्य कार्यनीतिक दस्तावेजों को तैयार करने की योग्यता।
- सरकारी परिवेश की कार्यशैली में अनुभव एक अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 की तिथि के अनुसार 45 वर्ष।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 55,000/- 70,000/- रुपए के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **pa.uip@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।